भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-2415

उत्तर देने की तारीख-18/12/2023

झारखण्ड में केन्द्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय

†2415. श्री जयन्त सिन्हाः

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केन्द्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों (केवी/जेएनवी) की राज्य-वार संख्या कितनी है;

(ख) झारखंड में स्थापित किए जाने वाले प्रस्तावित केन्द्रीय विद्यालयों/जवाहर नवोदय विद्यालयों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार की मौजूदा केन्द्रीय विद्यालयों/जवाहर नवोदय विद्यालयों की अवसंरचना और सुविधाओं का उन्नयन करने की योजना है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क) और (ख) वर्तमान में, झारखंड राज्य में 41 केन्द्रीय विद्यालयों और 26 जवाहर नवोदय विद्यालयों सहित देश भर में 1251 केन्द्रीय विद्यालय (के.वि.) और 651 जवाहर नवोदय विद्यालय (ज.न.वि.) कार्य कर रहे हैं। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा संलग्न है।

नए केन्द्रीय विद्यालय खोलना एक सतत् प्रक्रिया है। केन्द्रीय विद्यालय देश भर में शिक्षा का एक समान कार्यक्रम प्रदान करके मुख्य रूप से रक्षा और अर्ध-सैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्चतर शिक्षा संस्थान (आईएचएल) सहित स्थानांतरणीय केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केन्द्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्तावों को भारत सरकार/

के मंत्रालयों या राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) प्रशासनों द्वारा प्रायोजित किया जा सकता है, जिसमें मानदंडों के अनुसार नए केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित अपेक्षित संसाधन प्रदान करने की प्रतिबद्धता हो। ये प्रस्ताव मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अधीन हैं।

नए जवाहर नवोदय विद्यालयों को खोलना एक सतत् प्रक्रिया है। नया जवाहर नवोदय विद्यालय खोलना संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की इस सहमति पर निर्भर करता है कि वह स्थायी भवन के निर्माण के लिए निशुल्क अपेक्षित उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराए और स्थायी भवन के निर्माण तक विद्यालय को चलाने के लिए आवश्यक अस्थायी भवन निशुल्क उपलब्ध कराए।. नए जवाहर नवोदय विद्यालय की स्वीकृति और उसे खोलना मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करता है।.

(ग) और (घ) जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा VI से XII तक आवासीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हैं जबकि के.वि. कक्षा I से XII तक के दिन के विद्यालय हैं। स्थायी भवन में कार्यरत केन्द्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों को कक्षा, शौचालय, प्रयोगशालाएं, खेल मैदान आदि जैसी अपेक्षित अवसंरचनात्मक सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। उनकी अवसंरचना का उन्नयन/प्रतिस्थापन एक सतत् प्रक्रिया है जो संबंधित स्कूल की आवश्यकता पर निर्भर करती है। इसके अलावा, इन स्कूलों का बेहतर शिक्षण परिणामों और प्रबंधन हेतु आवश्यक जरूरतों और प्रौद्योगिकी के अनुसार लगातार उन्नयन किया जा रहा है।

*****

अनुलग्नक

"झारखण्ड में केंद्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय" के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री जयंत सिन्हा द्वारा दिनांक 18/12/2023 को पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 2415 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

केन्द्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

क्र.	राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र का नाम	केन्द्रीय विद्यालयों की संख्या	जवाहर नवोदय विद्यालयों की संख्या
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	02	03
2	आंध्र प्रदेश	35	15
3	अरुणाचल प्रदेश	20	17
4	असम	57	28
5	बिहार	49	39
6	चंडीगढ़	05	01
7	छत्तीसगढ	36	28
8	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	02	03
9	दिल्ली	46	03
10	गोवा	05	02
11	गुजरात	46	34
12	हरियाणा	35	21
13	हिमाचल प्रदेश	26	12
14	जम्मू एवं कश्मीर	35	20
15	झारखंड	**41**	**26**
16	कर्नाटक	52	31
17	केरल	38	14
18	लक्षद्वीप	01	01
19	लद्दाख	03	02
20	मध्य प्रदेश	112	54
21	महाराष्ट्र	59	34
22	मणिपुर	09	11
23	मेघालय	07	12

24	मिजोरम	04	08
25	नागालैंड	06	11
26	ओडिशा	66	31
27	पुदुचेरी	04	04
28	पंजाब	52	23
29	राजस्थान	77	35
30	सिक्किम	02	04
31	तमिलनाडु	45	00*
32	तेलंगाना	35	09
33	त्रिपुरा	10	08
34	उत्तर प्रदेश	122	76
35	उत्तराखंड	45	13
36	पश्चिम बंगाल	62	18
कुल		**1251**	**651**

*तमिलनाडु राज्य द्वारा नवोदय विद्यालय योजना को अभी अपनाया नहीं गया है।

******